ई-न्यूज लैटर

नवम्बर, 2015

नगर निगम, आगरा

इस अंक में :

- स्मार्ट सिटी।
- स्वच्छ भारत मिशन।
- विकास कार्य।
- कर्मचारी सेवानिवृत्ति।

इन्द्रजीत आर्य
महापौर

इन्द्र विक्रम सिंह
नगर आयुक्त

स्मार्ट सिटीः स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत आगरा शहर का चयन प्रथम 97 शहरों में हो चुका है। अब प्रथम चरण की प्रतिस्पर्धा में 20 शहरों का चयन किया जाना है। इस हेतु उ.प्र. शासन द्वारा कन्सल्टेंट की नियुक्ति की गयी है जो कि स्मार्ट सिटी प्रपोजल तैयार करेगा तथा इससे सम्बन्धित सभी प्रक्रिया को जन सहभागिता के आधार पर पूर्ण किया जायेगा। इस हेतु दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान को मीडिया पार्टनर बनाया गया तथा समाचार पत्र के द्वारा भी पूर्ण रूप से सहयोग दिया गया। इस हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं, विद्यालयों एवं प्रबु नागरिकों, फेसबुक, ट्विटर, Mygov.in एवं नगर निगम, आगरा की वेबसाइट के सहयोग से वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया। प्रतिफल में शहरी निवासियों द्वारा शहर के 20 शहरों में चयन हेतु स्वेच्छा से वोटिंग की गयी तथा सुझाव दिये गये। दिनांक 30.11.2015 तक वोटिंग एवं सुझाव ऑनलाइन किये गये, जिससे आगरा का चयन प्रथम 20 शहरों में हो सके। आगरा की जनता इस हेतु धन्यवाद की पात्र है। स्मार्ट सिटी की प्रथम कन्सल्टेशन मीटिंग आगरा विकास प्राधिकरण के सभागार में दिनांक 31.10.2015 को हुई। इसके उपरान्त 08.11.2015 को आयुक्त सभागार में स्मार्ट सिटी पर मंथन हुआ।

आगरा शहर को प्रथम 20 शहरों में चयन हेतु विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया गया। साथ ही शहर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों की दिनांक 20.10.2015 को एक वृहद रैली का आयोजन किया गया जो सैन्ट जोन्स चौराहे से प्रारम्भ होकर नगर निगम मुख्य भवन पर समाप्त हुई। रैली के बच्चों को मा. केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री रामशंकर कठेरिया, महापौर, आगरा, नगर आयुक्त, आगरा एवं अन्य उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा शहर को प्रथम 20 शहरों में चयन हेतु वोटिंग एवं सुझाव देने हेतु सम्बोधित किया गया।

कमिश्नरी में शुक्रवार को स्मार्ट सिटी के लिए आयोजित मंथन कार्यक्रम में उपस्थित (बाएं से) अप्सा अध्यक्ष संजय तोमर, डॉ. राजीव नारायण, आवासीय समिति की अध्यक्ष संगीता भटनागर, मेयर इंद्रजीत आर्य, डॉ. आरएस पारीक, नगरसुप्रत इंद्रविक्रम सिंह, जिलाधिकारी आरएसजी सी.पी सिंह व आगरा विकास मंच के अध्यक्ष अशोक जैन सहित। • हिन्दुस्तान

कमिश्नरी में स्मार्ट सिटी को लेकर हुआ मंथन, पूछा गया यही सवाल

आप बताओ कैसे स्मार्ट बनेगा आगरा

स्मार्ट सिटी

अजय | प्रमुख संवाददाता

आप बताइए, आगरा को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए आप लोग या आपकी संस्था क्या योगदान कर सकती है। कुछ इसी तरह के सवाल कई गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कमिश्नरी सभागार में स्मार्ट सिटी को लेकर हुई मीटिंग में पूछे गए। प्रशासन और संस्थाएं इसके लिए साझा मुहिम चलाएंगी, ऐसा निर्णय लिया गया।

कंसल्टेंट एजेंसी द्वारा स्मार्ट सिटी प्रपोजल (एससीपी) बनाने की कवायद शुक्र वार दी गई है। वास्तविक इसकी नींव बाद्यी चौमी है। इसी को लेकर नगरनिगम प्रशासन चिंतित है। शुक्रवार को कमिश्नरी में स्मार्ट सिटी को लेकर मंथन हुआ। नगरसुप्रत इंद्र विक्रम सिंह ने लोगों को स्मार्ट सिटी की अवधारणा के बारे में बताया। साथ ही यह भी जानकारी दी कि कैसे शहरवासियों की सक्रियता के बूते ही आगरा को इस रेस में बनाए रखा जा सकता है।

उपस्थित लोगों ने भी तमाम सुझाव दिए। कोई महिलाओं व बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंतित था तो कोई शहर की आबोहवा को लेकर। किसी ने ट्रैफिक सिस्टम पर सवाल खड़े किए तो किसी ने अधिकाधिक भागीदारी बढ़ाने के उपाय सुझाए। सिस्टम संस्थाओं के साथ ही पालीवाल पार्क, शहजहां पार्क सहित अन्य स्थानों पर जागरूकता के प्रयास किए जाने पर जोर दिया गया।

कमिश्नर में शुक्रवार को मंथन कार्यक्रम में डॉ. डीपी शर्मा, दिनेश सिंह बाबरे, नीरजा गिर्जा व अन्य। • हिन्दुस्तान

> शहर से गंदगी हटे जिससे शहरवासी स्वस्थ रहें। इसके लिए सिटीजन की खासी भागीदारी हो। पर्याप्त बिजली और पानी मिले। इसे प्रयोग करने से ज्यादा ध्यान अगर हम बचाने में दें तो ज्यादा बेहतर है। इसके लिए जागरूकता के साथ-साथ फाउंटेन बनाना जरूरी है।
>
> डॉ. आरएस पारीक, वरिष्ठ चिकित्सक

> स्मार्ट सिटी के लिए पूरे शहरवासियों को एकजुट होना होगा। घर-घर अलख जगानी होगी कि हमें हर हाल में आगरा को स्मार्ट सिटी की दौड़ में जिताना है। यह काम अकेला नगर निगम नहीं कर सकता।
>
> संगीता भटनागर, अध्यक्ष, आवासीय समिति

अपनी राय दें

9927100209

www.facebook.com/agrakiawaaz

www.agra.ki.aawaaz@gmail.com

इनकी रही भागीदारी

मेयर इंद्रजीत आर्य, जिलाधिकारी आरएसजी सीपी सिंह, नगर निगम के सीएफओ एदभार कुमार, डॉ. राजीव नारायण, अशोक जैन जोय, एससी जैन, दिनेश सिंह बाबरे, सुभाषिनी पालीवाल, वरुण सीह, नीरजा गिर्जा, कांसनी गोला, डॉ. डीपी शर्मा, रमन, सुशील विश्वकर्मा, अजित शुक्ला, प्रदीप खंडेलवाल, सुकेश यादव, अरविंद मिश्रा, रोहित, शिवप्रसाद शर्मा, सुकेश अग्रवाल, किन्नल, प्रेम जैन, वंदनी, सुरेंद्र कुमार शर्मा, नंजीव बाबर, विक्रम सुमन, मेघदेव, पंकज राजन, सुशील, अखिल श्रीवास्तव मौजूद थे।

जैसा ताज, वैसी सुंदर हो ताजनगरी

स्मार्ट सिटी

- नगर निगम और कंसल्टेंट ने शहर के प्रबुद्धजनों के साथ किया मंथन
- पर्यटन विकास, स्वच्छता और यातायात सुधार पर रहा अधिक जोर

शहर आपका, जीत भी आपकी होगी

नगरसुप्त इंद्रविक्रम सिंह एक वाहन या कि धीरे-धीरे बदलाव और सुधार हो रहा है। लोगों में जागरूकता आ रही है। जरूरत है कि छोटी-छोटी आदतें बदलें और किसी भी प्रयास में वह निरंतर सहयोग करें, तो बड़ा बदलाव नजर आएगा। वहीं, अध्यक्ष समिति की अध्यक्ष संगीता भटनागर ने कहा कि चिंता का विषय है कि अभी आगरा स्मार्ट सिटी प्रतियोगिता में बाकी पीछे है। जिसे नगर निगम के प्रयासों से कुछ नहीं होगा। आप नगर निगम और स्मार्ट सिटी की वेबसाइट पर आकर वोट करें, अधिक से अधिक सुझाव दें, तो प्रयास मजबूत होगा। यह सोच लें कि न डूबे गए तो आपकी हार और डूब लिए गए तो आपकी जीत होगी।

ये भी रहे मौजूद

अंतरराष्ट्रीय कार सेवर हरविजय सिंह बाविया, उपमापत्र के पूर्व सलाहकार डॉ. अरविंद मिश्रा, पर्यावरणविद् रमन, बिल्कर सुमित विषय, आर्किटेक्ट एसीसिएशन की अध्यक्ष संगीता अग्रवाल, स्मृति जैन, रजत अग्रवाल, नेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के गिरीश चंद गोयल आदि।

स्मार्ट सिटी वोटिंग के प्रति शहरवासियों को प्रेरित करने के लिए शुक्रवार को एमजी रोड पर निकाली गई रन फॉर आगरा रैली में शामिल छात्र-छात्राओं का हुजूम, जिसमें आगे-आगे केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री डॉ. रामशंकर कठेरिया, नगरायुक्त इंद्रविक्रम सिंह, अप्सा के अध्यक्ष संजय तोमर, सुशील गुप्ता, डॉ. गिरधर शर्मा, कैसी जैन आदि चल रहे थे। जागरण

4 | दैनिक जागरण आगरा, 21 नवंबर 2015 आगरा जागरण

शहर हो स्मार्ट, रैली से रचा इतिहास

होटल व्यवसायी करवाएंगे स्मार्ट सिटी

लघु उद्योग भारती ने लगाया शिविर

रोटरी क्लब ऑफ आगरा ताज सिटी ने बढ़

रन फॉर आगरा रैली के बाद नगर निगम परिसर में आयोजन कंटीन के लिए हाथ उठा कर वोट करते विद्यार्थी स्कूलों के छात्र-छात्राएं। जागरण

स्वच्छ भारत मिशन : भारत सरकार की योजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वर्तमान में इंडिविजुअल हाउस होल्ड लेट्रिन (आई.एच.एच.एल.) के अन्तर्गत 8629 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुये हैं। प्राप्त आवेदनों में से 3828 आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है तथा 1554 आवेदकों को स्वीकृति पत्र जारी किया गया है। तदोपरान्त 307 शौचालयों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 607 शौचालयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इनके फोटोग्राफ भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। उक्त अभियान के अन्तर्गत दिनांक 15.11.2015 से दिनांक 30.11.2015 तक नगर निगम सीमा में आने में सभी मण्डियों में विशेष सफाई अभियान तथा जागरूकता अभियान आयोजित किये गये। मिशन के अन्तर्गत 45 सामुदायिक शौचालय बनाये जाने प्रस्तावित हैं (जिनमें 778 सीट बनाया जाना प्रस्तावित है)। आई.ई.सी. के अन्तर्गत वार्डों में बैठक, स्कूली छात्रों के द्वारा रैली, पोस्टर्स तथा बैनरों के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

आगरा नगर निगम द्वारा पब्लिक टॉयलेट लोकेट करने हेतु पब्लिक टॉयलेट लोकेटर मोबाइल ऐप का शुभारम्भ श्री प्रदीप भटनागर, मण्डलायुक्त, आगरा मण्डल, आगरा ने माह अक्टूबर 2015 में किया। इस ऐप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल पर नगर सीमान्तर्गत 26 सार्वजनिक शौचालयों की जानकारी प्राप्त कर सकता है कि उस व्यक्ति से कितनी दूरी पर पब्लिक टॉयलेट स्थित है, उसमें पुरूष व महिला सीट उपलब्ध हैं या नही, वह नि:शुल्क है या शुल्क के साथ है। इसके अतिरिक्त मोबाइल पर उस टॉयलेट तक पहुंचने का रूट भी स्क्रीन पर आता है। इस ऐप के लागू होने से जनता को टॉयलेट लोकेट करने में सुगमता रहेगी।

विकास कार्यः नगर निगम, आगरा द्वारा शहरवासियों को सुगम आवागमन हेतु माह नवम्बर 2015 में कुल 64 विकास कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की गयी है, जिसके अन्तर्गत नाली, सड़क एवं शौचालय आदि की मरम्मत एवं नवनिर्माण आदि जनहित में कराया जाना प्रस्तावित है।

कर्मचारी सेवानिवृत्ति : नगर निगम, आगरा में कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को उनके सेवानिवृत्ति उपरान्त देय भुगतानों के लिए एवं पेंशन स्वीकृति के लिये कार्यालय के चक्कर लगाना न पडे। इस हेतु नगर निगम, आगरा द्वारा प्रत्येक माह के अन्तिम दिन सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को उनके समस्त देयों के भुगतान के चैक एवं पी0पी0ओ0 ससम्मान विदाई समारोह आयोजित करके हस्तगत किये जाते हैं।

माह नवम्बर 2015 में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दिनांक 30.11.2015 को सेवानिवृत्त देय भुगतान के चैक एवं पी0पी0ओ0 वितरित किये गये। कुल 08 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विदाई समारोह में फूलमाला एवं शॉल पहना कर सम्मानित किया गया और कुल धनराशि रू. 6438170.00 के चैक का वितरण किया गया।